कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, भीलवाड़ा

क्रमांक : 21 / स्था / 2023 दिनांक : 24.1.23

:: विज्ञप्ति ::

भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र के न्यायालयों में वर्तमान में लिपिक ग्रेड द्वितीय के स्पष्ट रूप से 76 पद व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 147 पद रिक्त हैं। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पत्रांक G/IA-4(i)(a)55/ 16/3729 दिनांक 18/06/2016 एवं G/IA-4(i)(a)55/16/36 दिनांक 17/01/2023 के अनुसार उक्त रिक्त पदों पर सेवानिवृत्त कार्मिकों से संविदा/राज्य सरकार के विभागों/PSUs से प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं प्राथमिकता के क्रम में ली जानी है।

मंत्रालयिक संवर्ग हेतु :–

01. न्याय विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण Hire करके, इनके उपलब्ध न होने की स्थिति में राज्य सरकार के विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण को HIre करके
02. राज्य सरकार के अन्य विभागों PSUs से Deputation or Reverse Deputation पर उपलब्ध कर्मचारीगण की सेवाएं।

चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हेतु :–

01. न्याय विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण Hire करके, इनके उपलब्ध न होने की स्थिति में राज्य सरकार के विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण को HIre करके
02. राज्य सरकार के अन्य विभागों PSUs से Deputation or Reverse Deputation पर उपलब्ध कर्मचारीगण की सेवाएं।

उक्त पदों पर सेवाओं के फलस्वरूप पारिश्रमिक राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों, विनियमों के तहत देय होगा। कर्मचारीगण का चयन उक्त वर्णित प्राथमिकता के क्रम में किया जावेगा।

Deputation or Reverse Deputation पर आने वाले कर्मचारी अपने विभाग के माध्यम से अपना आवेदन कर सकेंगे।

न्याय विभाग/राज्य सरकार के अन्य विभागों से ऐसे सेवानिवृत्त कार्मिक जिनकी आयु 65 वर्ष से अधिक नहीं हुई है वे कर्मचारीगण विज्ञप्ति के साथ संलग्न आवेदन पत्र के प्रारूप में मय वांछित दस्तावेज आवेदन प्रस्तुत करेंगे। उक्त दोनों संवर्गो की सेवाएं राज्य सरकार एवं माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय से प्राप्त आदेशों/निर्देशों के अध्यधीन प्रभावी रहेगी। उक्त सेवाएं भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र में स्थित न्यायालयों में रिक्त पदों के अनुसार ली जायेगी।

अतः सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित संवर्गों में सेवाएं देने वाले इच्छुक व्यक्ति उक्त विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से दिनांक 10.02.2023 को सायं 05.00 बजे तक इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
भीलवाड़ा

क्रमांक 438 to 445 दिनांक : 24/1/23

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं :–

1. माननीय रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर।
2. माननीय रजिस्ट्रार जनरल (प्रशासन), राजस्थान उच्च न्यायालय, पीठ जयपुर।
3. जिला एवं सेशन न्यायाधीश, ...
4. जिला कलेक्टर, भीलवाड़ा को समस्त विभागों/ PSUs में सूचित करते हेतु।
5. भीलवाड़ा न्यायक्षेत्र के समस्त न्यायालयों/अधिकरणों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु न्यायालय ....
6. जिला जन सम्पर्क अधिकारी, भीलवाड़ा को समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु।
7. सिस्टम ऑफिसर, जिला एवं सेशन न्यायालय, भीलवाड़ा को कार्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
8. नोटिस बोर्ड अदालत हाजा।
9. स्थापनानुभाग, जिला न्यायालय, भीलवाड़ा

जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
भीलवाड़ा